हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



## खबर संक्षेप



### प्रेस क्लब हरदीबाजार में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

प्रेस क्लब भवन हरदीबाजार में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया। सर्वप्रथम प्रेस क्लब के सदस्यों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, मां सरस्वती व वीर जवानों का पूजा अर्चना कर देश के वीर शहिदों के शौर्य साहस को याद कर जयघोष किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक डॉ विजय राठौर, अध्यक्ष बाबूराम राठौर, प्रेस क्लब के विशेष आमंत्रित सदस्य जगदीश अग्रवाल, प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, सचिव राजाराम राठौर, कोषाध्यक्ष विनोद उपाध्याय,आमंत्रित सदस्य नवल मसीह, अमर शहीद विद्यालय के संस्था प्रमुख हरिशंकर पटेल, महेंद्र राठौर, दिलीप राठौर, रामबिहारी राठौर, हरनारायण सोनी, दिनेश वाजपेई सहित अन्य उपस्थित थे।

### पंचायत भवन में फहराया तिरंगा झंडा



ग्राम पंचायत भवन हरदीबाजार में ग्रामवासियों सहित जनप्रतिनिधियों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम ग्राम सरपंच लोकेश्वर कंवर के द्वारा भारत माता, महात्मा गांधी, डॉ भीमराव अंबेडकर, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया गया। साथ ही ग्राम के प्रबुद्ध जन उपसरपंच , पंच सहित ग्रामवासियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर भारत माता की जयकारा के साथ सरपंच लोकेश्वर कंवर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात राष्ट्रगीत के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान उप सरपंच श्रीमती रेखा रामू जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि नरेश टंडन,जनपद प्रतिनिधि अनिल टंडन, युवराज कंवर, जगदीश अग्रवाल, हीरालाल अहीर, सचिव बिसाहू सिंह राज, शैल कन्हैया राठौर, इंद्रभूषण ओंडे, श्याम रात्रे, ममता ओग्रे, प्रियंका जायसवाल, भानूप्रताप कंवर,शशीधर सोनी, राजेन्द्र जगत, रामायण यादव, उमेश समारु केंवट, कृष्णा राज सहित जनप्रतिनिधि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### प्राथमिक शाला जोगिया डेरा में हुआ ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर वार्ड क्रमांक 18 स्थित प्राथमिक शाला जोगिया डेरा, संकुल कोहड़िया में वार्ड पार्षद नरेंद्र देवागन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी, शिक्षकगण एवं शाला परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती हेमलता राठौर, शिक्षिका श्रीमती मल्लिका मसीह, शिक्षक शंकर कंवर सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य प्यारेलाल साहू, श्रीमती सुनीता यादव, पप्पू साहू दीनदयाल यादव, राजकुमार पटेल, आशीष महराज रवि पोर्ते एवं श्री मिश्रा उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब कटघोरा-छुरी में मनाया गया गणतंत्र दिवस

# गणतंत्र दिवस संविधान के समानता और बंधुत्व को आत्मसात करने की देता है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



ध्वजारोहण के दौरान उपस्थित लायंस क्लब के पदाधिकारी।

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ला मुकेश गोयल के प्रतिष्ठान के बाहर लायन्स क्लब कटघोरा–छुरी के द्वारा ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उनके कर-कमलों द्वारा तिरंगा फहराया गया। राष्ट्रगान के साथ उपस्थित सभी सदस्यों ने तिरंगे को नमन किया।

ध्वजारोहण के पश्चात अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के मूल्यों स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि लायन्स क्लब सेवा को अपना मूल मंत्र मानते हुए समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सहयोग पहुँचाने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में लायन्स क्लब द्वारा किए जा रहे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने सभी सदस्यों से सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डिसिट्रिक्ट पीआरओ एवं क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, सचिव प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, संरक्षक, दीपक गर्ग, मुकेश गोयल, सुधीर पाण्डेय, इखलाक शेख, राकेश शर्मा, भरत अग्रवाल, गोपाल गोस्वामी, अजय श्रीवास्तव, वीकेश अग्रवाल सहित सभी सदस्य गण व नागरिकगण उपस्थित रहे।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल उद्यान में लहराया तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साडा कॉलोनी जमनीपाली पंजाब नेशनल बैंक के पीछे स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल उद्यान में विद्युत नगर लायंस क्लब एवं मार्निंग वॉक कमेटी ने 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया। गणतंत्र दिवस के इस मौके पर गार्डन को तोरण से सजाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शिवदानी शर्मा ने ध्वजारोहण किया और गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के ही दिन भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 21 तोपों की सलामी देते हुए ध्वजारोहण किया और भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेन्द्र तिवारी, दशरथ शर्मा, रमेश जादूगर, गेंदलाल साहु, श्याम बिहारी शर्मा, श्याम सुंदर सोनी, रामप्रवेश सिंह, सीताराम यादव, विनोद अग्रवाल, मुरारी लाल सारथी, एल एम कैशर, लॉयन मोहन कुमार गुप्ता, भैय्या लाल यादव, अमन ठाकुर, बैद्यनाथ अग्रवाल, एन अंसारी, राधेश्याम प्रसाद सहित विद्युत नगर लायंस क्लब एवं मार्निंग वाक कमेटी के सदस्य गण उपस्थित थे। अंत में सभी अतिथियों और आयोजन समिति के सदस्यों को प्रसाद वितरण किया गया।

## बोईदा में मना गणतंत्र दिवस



गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम बोईदा में देशभक्ति और उत्साह का भव्य माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा ने ग्राम पंचायत भवन, बालक छात्रावास, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उपस्वास्थ्य केंद्र, पशु औषधालय, आयुर्वेद औषधालय सहित अनेक शासकीय भवनों में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच ने भी ध्वजारोहण कर सभी ग्रामवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे का अधिकार दिया है और हम सभी का कर्तव्य है कि इसकी मूल भावना को आत्मसात करते हुए देश के विकास में अपना योगदान दें।

## सरस्वती शिशु मंदिर में नन्हे मुन्नों की रंगारंग प्रस्तुति



फोटो 28 केआरबी 23 सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमुंडा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर दोपहर 3 बजे से वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रहे, जबकि अध्यक्षता चंद्र किशोर श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में दीपक सोनी, संतोष कुमार राठौर, श्याम सुंदर केवट, सत्य प्रकाश शराफ, मनीष मिश्रा, रामेश्वर सोनी, धातेश्वर सिंह ठाकुर, कामता कौशिक, श्रवण यादव, अशोक बिंझवार, बेणीराम कौशिक, रघुनाथ पाठक सहित संस्था के प्रभारी प्राचार्य शांति कुमार राठौर मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि बच्चों की छिपी प्रतिभा और अनुशासन को समाज के सामने प्रस्तुत करने का यह सुनहरा अवसर है। उन्होंने विद्यालय के विकास एवं समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में चंद्र किशोर श्रीवास्तव ने पंचशिक्षा पद्धति शारीरिक, योग, नैतिक, आध्यात्मिक, संगीत एवं संस्कृत शिक्षा की महत्ता बताते हुए विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

## एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम ने बांधा समा



कटघोरा नगर गणतंत्र दिवस की संध्या पर देशभक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आया। स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण में पुलिस प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय कार्यक्रम एक शाम शहीदों के नाम ने नगरवासियों के हृदय को राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना था, जिसमें नगर के हर वर्ग की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, पुलिस प्रशासन की टीम, पत्रकारों तथा स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को भावनात्मक बना दिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जहां दर्शकों का मन जीत लिया, वहीं वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को गरिमामय स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर कटघोरा एसडीओपी विजय सिंह राजपुत, नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, भाजपा नेता मनोज नायडू, वरिष्ठ पत्रकार अजय धनोदिया, पार्षद संजय अग्रवाल, उपाध्याय बंधु तथा ढेलवाडीह के संजय सिंह व छुरी के विजय बाजपेयी सहित अन्य उपस्थित थे।

## छुरी में स्टेडियम में हुआ कार्यक्रम



गणतंत्र दिवस के अवसर पर छुरी नगर में एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह भव्य आयोजन छुरी हाईस्कूल के संयुक्त तत्वावधान में समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पदमिनी प्रीतम देवांगन की उपस्थिति रही। इस अवसर पर छुरी नगर एवं आसपास के ग्रामों के इज्जतदार नागरिक, वरिष्ठ जन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ नेता, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कार्यक्रम की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार का सुव्यवस्थित, भव्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम छुरी में आज तक आयोजित नहीं हुआ था।

## ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल जमनीपाली में किया ध्वजारोहण



गणतंत्र दिवस के पर ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेश जायसवाल प्रान्त प्रमुख, वनांचल शिक्षा सेवा न्यास ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन जीत लिया। मुख्य अतिथि नरेश जायसवाल ने कहा कि आज के बच्चे देश के भविष्य और जिम्मेदार नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि अनेक महापुरुषों के बलिदान और संघर्ष के कारण ही हमारा देश स्वतंत्र हुआ और वर्ष 1950 में संविधान लागू हुआ, जिसकी स्मृति में हम प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस मनाते हैं। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए हमारे सैनिक दिन-रात तत्पर रहते हैं, वहीं देश के अंदर भी अनेक चुनौतियां हैं, जिनसे सतर्क रहने की आवश्यकता है। श्री जायसवाल ने सोशल मीडिया के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उपयोग समाज को आगे बढ़ाने के लिए होना चाहिए।

## हार्मनी पब्लिक स्कूल दादरखुर्द में मनाया गया गणतंत्र दिवस



77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्मनी पब्लिक स्कूल, दादरखुर्द में देशभक्ति, उत्साह और उल्लास से परिपूर्ण भव्य आयोजन संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर तिरंगे की शान, राष्ट्रगान और बच्चों की देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों से गूंज उठा। इस अवसर पर ध्वजारोहण नीलू राय द्वारा किया गया। उनके साथ श्वेता दुबे, गीता, नेहा सिन्हा, सुमन श्रीवास्तव एवं पवन सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, जिससे समूचा वातावरण देशप्रेम की भावना से भर उठा। कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या निवेदिता विनायक के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान उप-प्राचार्या अरुणा मसीह सहित विद्यालय का समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम में शिक्षिकाएँ सीमा साहू, फूल शहजादी, अंजली साहू, आसमा खातून, वर्षा भारद्वाज, अनीता कंवर, अहाना ठाकुर एवं पूनम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। ध्वजारोहण के पश्चात बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। बच्चों के आत्मविश्वास और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन की उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## प्रतिभावान बच्चे हुए सम्मानित

**कोरबा।** प्रधान कार्यालय में छग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ बिलासपुर द्वारा कर्मचारियों के प्रतिभावान बच्चों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इनमें कोरबा ब्रांच की शाखा प्रबंधक श्रीमती सरिता पाठक, कटघोरा के शाखा प्रबंधक मणिशंकर मिश्रा, पोड़ी उपरोड़ा के शाखा प्रबंधक रोहित राठौर, बालको के सहायक लेखापाल शैलेश मसीह, एनटीपीसी ब्रांच की प्रभारी प्रबंधक श्रीमती नेहा पांडेय के सुपुत्र रुद्राक्ष पांडेय, पर्यवेक्षक ज्ञान सोनी के सुपुत्र अनुभव एवं अक्षांश सोनी, पेखन चंद्राकर के सुपुत्र भावेश चंद्राकर, पायल चंद्राकर, पीहू चंद्राकर को पिछली कक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि रहे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी साहू, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक नोडल अधिकारी बिलासपुर आशीष दुबे ने बच्चों और कर्मियों को सम्मानित किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### खेत में ट्रांसफार्मर...

नहीं देना चाहता था बल्कि सहायक अभियंता दिवाकर को पकड़वाना चाहता है। शिकायत का सत्यापन कराने पर मामला सही पाया गया जिसके बाद एसीबी की टीम ने सहायक अभियंता को ट्रैप करने की योजना बनाई और प्रार्थी श्यामता टंडन द्वारा व्यवस्था की गई राशि 50 हजार रुपए को आरोपी को देने के लिए आरोपी के दीपका स्थित कार्यालय में भेजा गया जो रिश्वती राशि 50 हजार रुपए को आरोपी भारद्वाज द्वारा लेते ही एसीबी टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। आरोपी द्वारा रिश्वत में ली गई राशि 50 हजार रुपए को बरामद कर लिया गया। पकड़े गए आरोपी से रिश्वत की रकम 50 हजार रुपए जप्त कर एसीबी के द्वारा आरोपी के विरुद्ध विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# किसान मेला का नपा अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



किसान मेला का उद्घाटन करते अतिथि।

नगर में आयोजित किसान मेला कटघोरा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने विधिवत फीता काटकर किया। इस अवसर पर नगरवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। किसान मेले का आयोजन किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए जानकारी, मनोरंजन और खरीदारी का एक सशक्त मंच बनकर उभरा है।

शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने कहा कि किसान मेला न केवल किसानों को नई तकनीक, उन्नत कृषि साधनों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का माध्यम है, बल्कि नगरवासियों के लिए भी यह एक पारिवारिक और सामाजिक उत्सव है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलता है और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियाँ सशक्त होती हैं। उन्होंने कहा कि कटघोरा क्षेत्र की पहचान कृषि और मेहनतकश किसानों से जुड़ी हुई है। किसान मेले के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण, बीज, खाद, पशुपालन, कृषि यंत्र और नवाचारों की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही है, जिससे उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। किसान मेले में विभिन्न स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें कृषि उपकरण, खाद-बीज, घरेलू उपयोग की वस्तुएँ, हस्तशिल्प सामग्री, खानपान एवं मनोरंजन के साधन शामिल हैं। बच्चों और महिलाओं के लिए भी विशेष आकर्षण का प्रबंध किया गया है, जिससे मेला सभी वर्गों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले के शुभारंभ अवसर पर जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारीगण पत्रकार गण एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। सभी ने नगर पालिका द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों और नगरवासियों का आभार व्यक्त किया गया। किसान मेला आगामी दिनों तक नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहेगा।

## सात दिवसीय शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति सजग, दृढ़ निश्चायी, परिश्रमी तथा लगनशील होना चाहिए अपनी शिक्षा और योग्यता में इतना पैनापन रखें कि सफलता का वर्णन करें यदि सफलता में कुछ कमी रह जाती है तो वे उद्यम शीलता की ओर कदम बढ़ाकर अपनी प्रतिभा को सामने ला सकते हैं।

उक्त बातें कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम पंचायत तरदा के आश्रित ग्राम भादा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन अवसर पर जनपद पंचायत करतला के उपाध्यक्ष मनोज झा द्वारा व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद, छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलन तथा राजकीय गीत के सामूहिक गान से हुआ। रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी ने सात दिवसीय विशेष शिविर की थीम, ग्राम भादा में विशेष शिविर आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। उद्घाटन सत्र को जनपद पंचायत सदस्य चतुरलाल कश्यप, ग्राम सन्देल के उप सरपंच रामकुमार यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता मालिक राम राजवाडे, ग्राम तरदा की सरपंच श्रीमती गायत्री देवी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर युवाओं को अपनी हुनर दिखाने अपनी झिझक या कमी को दूर करने तथा प्रतिभा को पहचान कर उसे तरासने का मंच होता है।

### न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**सूचना**

एतद् द्वारा गजानंद पिता शत्रुहन, वनमाला पिता शत्रुहन, दीपमालाल पिता शत्रुहन, साकिन मुढ़ाली तहसील दीपका को सूचित किया जाता है कि आवेदक सियाराम राठौर पिता स्व. समारु राम राठौर साकिन छिन्दपुर तहसील दीपका द्वारा ग्राम मुढ़ाली तहसील दीपका में स्थित आवेदक द्वारा शत्रुहन पिता शिवदत्त से क्रय कि भूमि खसरा नंबर 73 कुल रकबा 0.158 हे. भूमि के आनलाईन रिकार्ड में पूर्व भू-स्वामी शत्रुहन पिता शिवदत्त के वारिसों का नाम दर्ज होने से उसे सुधार कर ऑनलाईन रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में सुनवाई हेतु आपको नोटिस प्रेषित किया गया था। परन्तु आप लोग ग्राम मुढ़ाली में निवासरत नहीं होने से नोटिस अदम तामिली वापस प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध में आप सभी दिनांक 30.01.2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस/सूचना प्रेषित किया जा रहा है। निर्धारित तिथि में अपना उपस्थिति एवं जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अतः आज दिनांक 13.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका (छ.ग.)**

# हरदीबाजार कालेज में सात दिवसीय शिविर का आयोजन 30 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम भदरापारा (उतरदा) में आयोजित 24 से 30 जनवरी तक किया जा रहा है। जिसके तृतीय दिवस के बौद्धिक परिचर्चा का विषय भारती संविधान और हमारा दायित्व रहा, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ प्यारे लाला आदिले प्राचार्य जे बी डी महाविद्यालय कटघोरा ने उक्त विषय में स्वयं सेवकों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सभी स्वयं सेवक को संविधान के भाग, सूची और अनुच्छेदों के बारे विशेष रूप से प्रकाश डाला जिसमें बताया गया कि संविधान जीवन जीने का एक आईना है। संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर के संविधान के 8 वे भाग का अनुशरण करने का प्रेरणा दिया और कहा कि हमारा भारत देश का संविधान एक पेड़ के जड़ की तरह है, जिस तरह बिना जड़ के वृक्ष का अस्तित्व नहीं है। उसी तहर हम भारतवासियों का जीवन संविधान के बिना अधूरा है। साथ ही साथ अपने उद्बोधन में संविधान के अनुच्छेद 51ए के 11 मौलिक कर्तव्यों को रेखांकित किया गया है और सभी स्वयं सेवकों ने सभी कानूनो का पालन करने की प्रतिज्ञा ली। ग्राम के सभी लोगो ने भी संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछा और सीख लिया। आज के तृतीय दिवस में हमारे कोरबा जिला के जिला संगठक डॉ.वाई के तिवारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र छात्राओं को एनएसएस के नियमों को पालन कर आपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दिया। साथ ही साथ आज के इस परिवेश में स्वयं को मजबूत बनाने के लिए डिजिटल साक्षरता, संचार साक्षरता, जल संरक्षण, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्त समाज पर सभी समाज को जागरूक करने पर बल दिया। शास ग्राम्य भारती महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.अनिल पांडे ने सभी छात्रों को संविधान के बारे में जानकारी प्रदान किये और नियमो का पालन करने का संदेश दिये। एनएसएस अधिकारी डॉ.केके दुबे और श्रीमति अंजली कंवर ने सभी आतिथियों का आभार व्यक्त किया और उनके बताए कार्यों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। सभी छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

## अख़बार वितरकों ने श्रममंत्री लखन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



छत्तीसगढ़ अख़बार वितरक संघ जिला कोरबा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर शनिवार को प्रातः 11 बजे कोरबा विधायक एवं प्रदेश के श्रममंत्री लखन लाल देवांगन के निवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के दैनिक समाचार वितरकों के सामाजिक व आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गई हैं। संघ ने अख़बार वितरक कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की है, जिससे प्रदेशभर के अख़बार वितरकों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके। संघ की प्रमुख मांगों में श्रम विभाग के पोर्टल में डिलीवरी बॉय के स्थान पर दैनिक अख़बार वितरक की श्रेणी दर्ज करने, 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पेंशन सुविधा देने, बच्चों को निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्राथमिकता प्रदान करने तथा सभी वितरकों को ईएसआई मेडिकल कार्ड, बीमा सुविधा एवं मृत्यु की स्थिति में एक सप्ताह के भीतर एकमुश्त सहायता राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था शामिल है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
सायबर थाना की मिली सौगात, मुख्यमंत्री ने वर्चुअल किया शुभारंभ



## खबर संक्षेप

### जागरूकता हेतु प्रचार रथ रवाना लोगों को करेंगे जागरूक

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में बुधवार को इंटेंसिफाईड एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सघन प्रचार प्रसार हेतु एड्स जागरूकता रथ तथा कला जत्था दल को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर डॉ.सी.के.सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. बी.आर.रात्रे नोडल अधिकारी एड्स, कुमार पुष्पेश, जिला टीकाकरण अधिकारी, पद्माकर शिन्दे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कला जत्था के सदस्य तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि इंटेंसिफाईड एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सघन प्रचार प्रसार हेतु एड्स जागरूकता रथ तथा कला जत्था दल के द्वारा जिले के समस्त विकासखंडों के चिन्हांकित ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित कर एचआईवी इसके बचाव, नियंत्रण के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा।

### अशोक चावलानी बने पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष



**कोरबा।** पूज्य सिंधी पंचायत की मंगलवार को आम बैठक सिंधु भवन शहीद हेमूकालाणी नगर रानी रोड कोरबा में संपन्न हुई। कार्यवाहक अध्यक्ष चंदन दास कोटवानी ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सभी को सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उपरांत पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के कोषाध्यक्ष मनोज जेठानी ने वर्ष 2024-25 के आय व्यय का ब्यौरा एवं रिलीफ फंड को प्राप्त दान राशि एवं दी गई सहायता राशि की जानकारी आम बैठक में प्रस्तुत की। 2026-27 के अध्यक्ष पद की प्रक्रिया में राजकुमार ज्ञानचंदानी एवं संतोष वाधवानी ने अशोक चावलानी के समर्थन में अपना दावा वापस लिया। उपरांत अशोक चावलानी को सर्वसम्मति से पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा का वर्ष 2026-27 हेतू अध्यक्ष घोषित किया गया।

### सरस्वती शिशु मंदिर कुसमुंडा में हुआ वार्षिकोत्सव

**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमुंडा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर दोपहर 3 बजे से वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रहे। जबकि अध्यक्षता चंद्र किशोर श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में दीपक सोनी, संतोष कुमार राठौर, श्याम सुंदर केवट, सत्य प्रकाश शराफ, मनीष मिश्रा, रामेश्वर सोनी, धातेश्वर सिंह ठाकुर, कामता कौशिक, श्रवण यादव, अशोक बिंझवार, बेणीराम कौशिक, रघुनाथ पाठक सहित संस्था के प्रभारी प्राचार्य शांति कुमार राठौर मंचासीन रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा के साथ किया गया मंदिर का उद्घाटन

**कोरबा।** देलवाडीह स्थित एके गुरुकुल महाविद्यालय एवं रानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में विद्या की देवी मां सरस्वती का मंदिर का उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महिलाओं एवं बालिकाओं ने कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें देलवाडीह एवं आस पास निवासरत श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। कलश स्थापना उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से पूजन एवं अनुष्ठान पूर्ण किया गया। हवन किया गया और महाआरती के बाद 151 बालिकाओं को कन्या भोज कराया गया। मुख्य यजमान में एके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर अक्षय कुमार थे।

# मड़वारानी हसदेव नदी में बराज निर्माण का बन रहा प्रस्ताव

## जल संसाधन विभाग ने शासन से मांगी है अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जल संसाधन विभाग के द्वारा हसदेव नदी में मड़वारानी क्षेत्र अंतर्गत बांध निर्माण की तैयारी की जा रही है। जिससे सिंचाई का रकबा बढ़ने के साथ साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों के निवासियों को आवागमन का साधन भी मिल सकेगा। फिलहाल विभाग ने इस प्रस्ताव को तैयार करने के साथ शासन से अनुमति भी लेगा। बड़ी राशि खर्च होने के कारण विभागीय अनुमति भी आवश्यक बताई गई है।

हसदेव नदी के पानी का सिंचाई के लिए उपयोग किए जाने के संबंध में छोटे छोटे एनीकट बनाकर योजनाएं चलाई जा रही है। इसी कड़ी में जल संसाधन विभाग ने हसदेव नदी में ही मड़वारानी के आसपास बांध निर्माण का ही प्रस्ताव तैयार कर रहा है। हालांकि अभी डीपीआर तैयार नहीं हुआ किंतु इसे लेकर विभाग ने इसे लेकर अपने स्तर पर तैयारियां शुरु की है। निर्माण में बड़ी राशि खर्च होगी इसके लिए शासन की अनुमति आवश्यक है। विभाग की ओर से बांध का प्रस्ताव प्रारंभिक स्तर में दिया गया है। विभाग के द्वारा बांध के निर्माण से कितने रकबे की खेती सिंचित होगी इसका भी सर्वे कराने की योजना तैयार की है। आमतौर पर बांध निर्माण के पूर्व उसके पानी से कितने रकबे की खेती सिंचित होगी इसके लिए डीपीआर तैयार किया जाता है। उसके आधार पर लागत भी तैयार होती है। विभाग के अधिकारियों ने प्रारंभिक स्तर पर मड़वारानी क्षेत्र के जिस हिस्से से हसदेव नदी गुजरती है उस क्षेत्र का भी अवलोकन किया है ताकि ऐसे स्थान में बांध बने जिसमें बड़ी आबादी को पीने के लिए पानी उपलब्ध हो सके और आवागमन के लिए बांध के ऊपर से बनने वाली सड़क का इस्तेमाल भी किया जा सके।

**खास बातें**

- सिंचाई के रकबे बढ़ने के साथ अवमानना का भी बनेगा साधन
- गांव में पानी सप्लाई की मिलेगी सुविधा



### पीएचई ने ओवरहेड टैंक निर्माण की बनाई थी योजना

पीएचई ने मड़वारानी क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में जलजीवन मिशन अंतर्गत घर घर पानी सप्लाई के लिए ओवरहेड टैंक का निर्माण कर पाइप लाइन बिछाने की योजना उस समय तैयार की थी जब सिंचाई विभाग ने एनीकट निर्माण को लेकर प्रस्ताव तैयार किया था किंतु आज तक एनीकट नहीं बना और ना ही पीएचई विभाग की ओवरहेड टैंक बनाए जाने का काम पूरा हो सका। एनीकट निर्माण की तैयारी में सिंचाई विभाग की माइनर शाखा ने तैयार की थी। जिस पर अब तक काम नहीं हुआ है।

## एक पखवाड़े से बंद था मार्ग, आवागमन में हो रही परेशानी से मिली निजात

# उद्योग मंत्री की पहल पर खुला एचटीपीपी से रामनगर स्याहीमुड़ी मार्ग



बस्तीवासियों से बात करते उद्योग मंत्री।



विभाग द्वारा बंद किया गया मार्ग जिसे खोला गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पखवाड़े से बंद पड़े एचटीपीपी से रामनगर स्याहीमुड़ी मार्ग को आखिरकार उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की पहल पर खोल दिया गया है। उत्पादन कंपनी द्वारा इस मार्ग को बंद किए जाने की शिकायत के बाद उद्योग मंत्री मौके पर पहुंचे और विद्युत कंपनी के अधिकारियों से जेसीबी के जरिए ऑन द स्पॉट रास्ता खुलाया। मंत्री श्री देवांगन से बस्तीवासियों ने विगत दिनों मुलाकात कर ए च टी पी पी कॉलोनी से रामनगर स्याहीमुड़ी बस्ती जाने वाले मार्ग को खुलवाने की मांग की थी।

**खास बात**

- मंत्री देवांगन ने अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश, भविष्य में न लें ऐसा कोई निर्णय

इस दौरान उत्पादन कंपनी के मुख्य अभियंता और अन्य अधिकारियों को मंत्री लखनलाल देवांगन ने जनहित की मांग को सर्वोपरि रखते हुए बंद किए गए मार्ग को तत्काल खोलने के निर्देश दिए। मंत्री श्री देवांगन के निर्देश पर कंपनी के अधिकारी हरकत में आए और मौके पर जेसीबी बुलवाकर अवरुद्ध मार्ग से मिट्टी और मलबा हटाकर रास्ता खाली कराया गया। मंत्री श्री देवांगन ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि प्लांट से लगी बस्तियों में रहने वाले भाइयों बहनों को आवागमन में भविष्य में किसी तरह की परेशानी के सामने न करना पड़े, इसे ध्यान में रखकर निर्णय लें। इस दौरान पार्षद नरेंद्र देवांगन, फिरत साहू, मुकुंद कंवर, मंडल अध्यक्ष मनोज लहरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा, ईश्वर साहू, नारायण ठाकुर, तुलसी ठाकुर, नारायण राजपूत, भूपेंद्र साहू, किशोर साहू, अंजय अग्रवाल, होमलाल भारिया, राज जायसवाल, संजय कुर्मवंशी सहित अधिक संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। जनहित के मुद्दे पर मंत्री श्री देवांगन मौके पर पहुंचकर अपने सामने जेसीबी से रास्ता खुलवाया। ऑन द स्पॉट एक्शन से लोगों में हर्ष व्याप्त है। अधिक संख्या में पहुंचे बस्ती वासियों ने मंत्री श्री देवांगन के इस सकारात्मक पहल का स्वागत करते हुए आभार जताया।

# खेत में ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर मांगी रिश्वत, इंजीनियर ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत वितरण विभाग के सहायक अभियंता द्वारा खेत में ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर रिश्वत मांगी गई थी। किसान ने इसकी शिकायत एसीबी से की थी जहां एसीबी की टीम ने दीपका स्थित विद्युत वितरण विभाग के सहायक अभियंता को रंगे हाथों 50 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

**खास बात**

- एसीबी की टीम ने विद्युत वितरण विभाग के सहायक अभियंता को दबोचा

एसीबी बिलासपुर डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया कि ग्राम हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रलिया निवासी श्यामता टंडन ने एसीबी बिलासपुर में शिकायत की गई थी कि ग्राम दर्री में उसके मित्र के पिता के नाम पर कृषि जमीन है जिसमें ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए मित्र के पिता ने उसे सीएसपीडीसीएल (विद्युत विभाग दीपका) में अधिकारियों से मिलकर बात करने को कहा था, जिस पर ट्रांसफार्मर लगाने का आवेदन देने के बाद सीएसपीडीसीएल दीपका के सहायक अभियंता सत्येंद्र दिवाकर द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया था तथा ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर चालान पटाने के अलावा नाश्ता पानी के नाम पर 80 हजार रुपए की मांग की गई तथा 30 हजार रुपए ले लिया गया है किंतु वह रिश्वत के रूप में दिए जाने वाली शेष राशि 50 हजार रुपए को ⏭ शेष पेज 2 पर



आरोपी इंजीनियर

# कोटपा एक्ट के तहत 16 सौ का ठोका जुर्माना



कार्रवाई करते विभाग के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के निर्देशानुसार तथा डॉ.कुमार पुष्पेष नोडल अधिकारी (एन.टी.सी.पी.) के नेतृत्व मे राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत परिवर्तन दल डॉ.मानसी जायसवाल, जिला सलाहकार (एन.टी.सी.पी)., विरेन्द्र भगत, ड्रग इंपेक्टर (खाद्य एवं औषधी विभाग), संतोष केवट सोसल वर्कर की संयुक्त टीम के द्वारा एनटीपीसी गेट, जामगांव और स्याहीमुडी क्षेत्र में शिक्षण संस्थाओं के 100 गज के दायरे में आने वाले दुकानों में उपस्थित लोगों को कोटपा अधिनियम 2003 के बारे में तम्बाकू बिक्री पर रोक के संबंध में जागरूक किया गया साथ ही विभिन्न स्थानों में कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 के अंतर्गतें 11 चालान काटा गया जिसकी राशि 1600 रूपये वसूला गया तथा 2 जगह समझाईस देकर छोड़ा गया। कोटपा एक्ट-2003 के धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध, धारा 5 के तहत सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादन के विज्ञापन पर प्रतिबंध, धारा 6 के तहत नाबालिगों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्रि पर प्रतिबंध, उससे होने वाले दुस्प्रभावों के बारे में, सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध संबंध में जानकारी दी गई । साथ ही सभी दुकानों में घारा 6(ए) का पोस्टर चस्पा किया गया।

# अनाचार के आरोपी को सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नाबालिक बहनों के घर में घुसकर अनाचार करने की कोशिश करने वाले आरोपी मेहुल कुमार यादव उर्फ वरूण यादव को विशेष न्यायालय एफटीएसी (पाक्सो) कटघोरा ने 1 वर्ष 6 माह सश्रम कारावास एवं एक हजार रू के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

थाना बांकीमोगरा क्षेत्र अंतर्गत बांकीमोगरा निवासी मेहुल कुमार यादव उर्फ वरूण यादव के द्वारा अपने ही क्षेत्र की नाबालिक लड़की के घर में घुसकर उनकी लज्जा भंग करने के आशय से लैंगिक हमला किया गया तथा अभियुक्तगण को विवस्त्र करने के आशय से उनके पहने हुए कपडे को खीचकर उन पर लैंगिक हमला कर आपराधिक बल का प्रयोग किया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना बांकीमोगरा द्वारा आरोपी मेहुल कुमार यादव उर्फ वरूण यादव के विरूद्ध धारा 333, 75 (1), 79 बीएनएस एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 12 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया गया था। मामले की सुनवाई एफटीएससी (पाक्सो) श्रीमती श्रद्धा शुक्ला शर्मा के विशेष न्यायालय में चल रही थी जहां आरोपी के विरूद्ध दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 20 जनवरी को 1 वर्ष 6 माह के सश्रम कारावास व एक हजार रू के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो) कटघोरा शोधन राम देवांगन ने की है।

# तीन विभागों के ई एंड एम सेक्शन में तकनीकी सामानों का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के तीन बड़े विभाग पीएचई, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग के ईएनडम सेक्सन में तकनीकी मशीनों की बीते तीन वर्ष से खरीदी नहीं होने के कारण संसाधनों का संकट बना हुआ है। छोटे छोटे कार्यों के लिए इन विभागों को निजी क्षेत्र के उपर निर्भर रहना पड़ता है। इससे सरकार की बड़ी राशि संसाधनों के किराये में लेने में खर्च हो रही है।

**खास बातें**

- पीएचई, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग के हैं सेक्शन
- हेड ऑफिस से होती है मशीनों की खरीदी

पीएचई के ई एंड एम सेक्शन में आवश्यक मशीनों की खरीदी हेड ऑफिस से होने के कारण यहां से भेजे जाने वाले प्रस्ताव पर निर्णय नहीं होने से स्थानीय स्तर पर विभाग को तकनीकी संसाधनों का संकट झेलना पड़ता है।

छोटे बड़े कार्यों के लिए उन्हें स्थानीय ठेका कंपनियों से संसाधन लेकर मजबुरी हो जाती है। विभाग के इस कदम से सरकार को किराये के रुप में एक बड़ी राशि का खर्च उठाना पड़ता है। बीते तीन वर्ष से बड़े स्तर पर खरीदी नहीं होने का परिणाम स्थानीय स्तर पर छोटे छोटे कामों के संसाधनों के कमी के कारण नहीं होने की समस्या का सामना विभाग को करना पड़ रहा है जबकि विभाग के द्वारा आवश्यक सामानों के खरीदी में प्रस्ताव भेजे जाते हैं। पीएचई के ईएनडम सेक्सन से जो खरीदी होती है उसमें हैवी गाड़ियों से लेकर बोर मशीन और ट्रक शामिल है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग के ईएनडम सेक्शन के द्वारा जो सामानों की खरीदी का प्रस्ताव हेड ऑफिस में भेजा जाता है उसमें सरकारी आवासों के मरम्मत के लिए आवश्यक सामान शामिल रहते हैं जिसमें इलेक्ट्रिकल वर्क और उससे संबंधित सामग्री ज्यादा रहती है। पीडब्ल्यूडी के इस सेक्शन में इलेक्ट्रिकल सामानों का संकट लंबे समय से बना हुआ है। जिसकी वजह से विभागीय कॉलोनियों के इलेक्ट्रिकल से संबंधित सभी कार्यों को कर्मचारियों के द्वारा अपने खर्च पर कराया जाता है। इतना ही नहीं बल्कि सड़क के निर्माण के दौरान विभागीय स्तर पर उपयोग में लाई जाने वाली क्रेन जैसी मशीन का भी पीडब्ल्यूडी अब किराये में लेता है तब जाकर मैदानी स्तर के काम होते हैं हालांकि अब क्रेन की खरीदी भी बंद होने की स्थिति में आ गई है।




## उरगा और कोतवाली पुलिस ने की कबाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई

# कबाड़ी के ठिकाने पर छापा, 9 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पिछले कुछ दिनों से कबाड़ चोर लगातार सक्रिय है कोतवाली पुलिस ने कुछ दिन पहले ही राताखार के खुख्यात कबाड़ी के गोदाम को पुलिस ने सील किया था इसके बाद भी कबाड़ियों का हौंसला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

बताया जाता है कि बीती रात को कुछ कबाड़ी बालको व अन्य क्षेत्रों से चोरी का कबाड़ लेकर राताखार स्थित एक अन्य गोदाम में ठीकाने लगाने पहुंचे थे। सूचना पर नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल व सीएसईबी चौकी पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी और लाखों रुपए कीमती कबाड़ को जब्त किया। पुलिस ने राजेश, बिट्टू व रोहित नामक तीन व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। इसी तरह उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने कबाड़ चोरी के मामले में कोरकोमा निवासी मदन अग्रवाल पिता स्व.बालक राम अग्रवाल 43 वर्ष, जलालपुर हरियाणा सुरेश कुमार सोहा पिता दारा सिंह सोहा उम्र 34 वर्ष, रोहतक हरियाणा निवासी संजय मंडावर पिता शूरवीर राम मंडावर उम्र 28 वर्ष, सचिन बागड़ी पिता प्रेम सिंह बागड़ी उम्र 25 वर्ष, अर्जुन गोड़, पिता परशराम गोड़ उम्र 22 वर्ष, सागर कुमार बरेठ, पिता देवनारायण बरेठ, उम्र 22 वर्ष को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



### रेलवे ट्रैक की हो रही है चोरी, पेट्रोलिंग बढ़ाने पुलिस से शिकायत

गेवरा-पेंड्रा रेल परियोजना में रेल पाथ बिछाने का काम तेजी से चल रहा है लेकिन इस काम में कबाड़ी विघ्न बाधा डाल रहे हैं। कबाड़ चोर रेलवे ट्रैक को काटकर चोरी कर रहे हैं। निजी कंपनी ने इस मामले की लिखित शिकायत बांकीमोंगरा पुलिस से की है और निर्माणाधीन स्थल पर पुलिस की चौकसी व पेट्रोलिंग की मांग की है। हालांकि पुलिस ने चोरी के मामले में कोई अपराध दर्ज नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि जिले में गेवरा पेंड्रा रोड में रेलवे ट्रैक बिछाने का काम चल रहा है जहां रात के अंधेरे में सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद कबाड़ चोर सुरक्षा कर्मियों को धमकाकर न केवल रेल लाइन की चोरी कर रहे है, बल्कि सुरक्षा में तैनात स्टाफ में दहशत फैलाने मौके पर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ भी कर रहे हैं और लगातार रेल पाथ को काटकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। रेलवे पाथ बिछाने का काम कर रही निजी कंपनी के साइड इंचार्ज ने लिखित शिकायत बांकीमोंगरा पुलिस से की है। पुलिस का कहना है कि कंपनी ने क्षेत्र में सुरक्षा व पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 29 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।
समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### मुकेश गोयल बने विधायक प्रतिनिधि



**कोरबा।** कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने वार्ड क्रमांक 4 में निवासरत मुकेश गोयल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा के समीक्षा बैठकों में भाग लेने के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया है। विधायक श्री पटेल ने खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा को जारी नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया है कि मुकेश गोयल आपके विभाग से संबंधित बैठक आदि की सूचना से मुझे अवगत कराएंगे। अतः विभाग की होने वाली बैठकों के संबंध में विधायक प्रतिनिधि मुकेश गोयल को सूचना दिया जाए।

### बलिदान दिवस के रूप में मनायी जाएगी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 30 जनवरी को गांधी चौक में सुबह 11 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है। साथ ही मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एवं धान खरीदी के लिए निर्धारित तिथि को बढ़ाये जाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अध्यक्षद्वय ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, पार्षद, पूर्व पार्षद, ओबीसी, अजा, अजजा प्रकोष्ठ, ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### एनसीसी द्वितीय वर्ष के कैडेट्स को दी गई विदाई




**कोरबा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कोरबा में एनसीसी द्वितीय वर्ष के कैडेट्स को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य श्रीमती पीआर शंकरी, वरिष्ठ शिक्षक लोकचंद सोनटके, राम अवतार साकरे एवं विद्यालय एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर रितेश भोसले उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैडेट्स के द्वारा अपने दो वर्षों का एनसीसी में उनके अनुभव का वर्णन किया गया। विद्यालय प्राचार्य के द्वारा इस अवसर पर कैडेट अरमान मिरी, कैडेटल ज्योति कंवर, कैडेट प्रांशी बाजपेई, कैडेट जागृति, कैडेट्स विकास, कैडेट अंजू कंवर एवं कैडेट वंशिका इत्यादि को उनको उनके विशेष योगदान हेतु पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के एनसीसी के प्रथम वर्ष के कैडेट की विशेष भूमिका रही। विद्यालय प्राचार्य ने भी कैडेट को अनुशासन में रहकर देश एवं समाज को विकसित करने का आह्वान किया।

### उड़ान संस्था ने जरूरतमंदों को वस्त्र एवं चप्पल का किया वितरण

**कोरबा।** सामाजिक सरोकार के तहत महिलाओं की संस्था उड़ान द्वारा क्लॉथ डोनेशन कैम्प के माध्यम से जरूरतमंदों को वस्त्रों तथा अन्य सामग्री का वितरण किया गया। बुधवार को एनटीपीसी, जमनीपाली क्षेत्र की संस्था उड़ान की अध्यक्ष नीलांजना सेन एवं सचिव माधुरी चौहान साहू के नेतृत्व में यह सेवा कार्य सर्वमंगला मंदिर क्षेत्र में आयोजित हुआ। क्लॉथ डोनेशन कैम्प के माध्यम से उड़ान से जुड़ीं महिला सदस्यों ने जरूरतमंदों को कई प्रकार के वस्त्रों का वितरण किया गया। साथ ही चप्पल एवं स्वल्पाहार भी प्रदान किया गया। वस्त्र एवं अन्य सामग्री प्राप्त करने वाले जरूरतमंदों ने संस्था की इस पहल की सराहना की और आभार जताया। सेवा कार्य में शोभा तिवारी, कृष्णा मित्रा, शकुंतला राठौर, सोनी कर्ष ने भी सहभागिता की।

# सायबर थाने की मिली सौगात, मुख्यमंत्री ने वर्चुअल किया शुभारंभ

## साइबर अपराधों की जांच में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ी पहल की है। जिले में सायबर थाना की सौगात मिल गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा जिले के सायबर थाना का विधिवत शुभारंभ किया गया। अब सायबर थाना के खुलने से सायबर अपराधियों की धरपकड़ में मजबूती आएगी और लोगों का काम आसान होगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के आठ जिलों में साइबर थानों सहित करोड़ों रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का एक साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बुधवार को वर्चुअली शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले को साइबर थाने की सौगात दी। सिविल लाईन रामपुर के समीप नवनिर्मित साइबर थाना का प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने व महापौर संजूदेवी राजपूत ने फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। थाना अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों से लैस है, जिससे ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराधों की त्वरित जांच, ठगी की राशि को होल्ड करने तथा आम नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। नए साइबर थाने के प्रारंभ होने से जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगेगा और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। साथ ही, तकनीकी अपराधों की जांच अब और अधिक प्रभावी एवं तेज़ हो सकेगी। इस मौके पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वय लखन पटले, नीतिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- लगातार साइबर के बढ़ रहे हैं मामले, टेक्निकल टीम का बढ़ेगा कद
- पुलिस चलाएगी जागरूकता



## शराब दुकान में ग्रामीणों ने जड़ दिया था ताला

# कम्पोजिट शराब दुकान को पुराने भवन में शिफ्ट करने हंगामा



इस दुकान को किया गया था बंद।



ग्रामीणों से चर्चा करते प्रशासन व पुलिस के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उमरेली स्थित कम्पोजिट शराब दुकान को जिस स्थान पर संचालित हो रहा है उस दुकान को हटाने की मांग को लेकर गांव के लोगों ने मोर्चा खोल दिया और सरपंच सहित ग्रामीणों ने दुकान में ताला जड़ दिया था। बाद में प्रशासन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाइश दी गई जिसके बाद कम्पोजिट दुकान को पुनः पुराने दुकान में शिफ्ट करने की सहमति दी गई जिसके बाद शराब दुकान को खोला गया।

उरगा थाना अंतर्गत ग्राम उमरेली में आबकारी विभाग द्वारा कम्पोजिट दुकान का संचालन किया जाता है। लगभग चार माह पूर्व जिस स्थान पर कम्पोजिट दुकान संचालित हो रही थी वह दुकान जर्जर होने की वजह से आबकारी विभाग ने पुराने दुकान से कम्पोजिट दुकान को हटाकर नये स्थान पर शिफ्ट कर दिया था। बताया जाता है कि पुनः उसी स्थान पर देशी-विदेशी शराब दुकान को संचालित किया जाए इसको सरपंच, पंच और ग्रामीण शराब दुकान जा पहुंचे और दुकान खुलने से पहले ही उस पर ताला जड़ दिया। जैसे ही आबकारी टीम को सूचना मिली आबकारी विभाग के अधिकारी दलबल सहित जा पहुंचे लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। बाद में प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मांग पर सहमति जारी की गई कि कुछ दिनों बाद ही पुनः पुराने स्थान पर कम्पोजिट दुकान को पुराने स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाएगा जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और ताला को खोला गया। बताया जाता है कि पुराने स्थान में दुकान को दुरुस्त कर पहुंच मार्ग को बेहतर बनाने के लिए कहा गया है कि आने वाले कुछ दिनों में पुनः पुराने भवन में कम्पोजिट दुकान को शिफ्ट किया जाएगा।

**खास बात**

- प्रशासन व पुलिस की समझाइश के बाद खुला ताला

### आबकारी टीम पहुंची थी छापा मारने गाड़ी में तोड़फोड़, मामला दर्ज

**कोरबा।** अवैध शराब पर कार्रवाई करने गई आबकारी विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने धावा बोल दिया। यह हिंसक झड़प श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम बरपाली में हुई, जहाँ न केवल सरकारी काम में बाधा डाली गई, बल्कि आबकारी उपनिरीक्षक की निजी टीम के साथ मारपीट कर वाहन के शीशे को पूरी तरह से तोड़ दिया है। आबकारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के मुताबिक आबकारी उपनिरीक्षक जया मेहर अपनी टीम के साथ 27 जनवरी को श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली निवासी फूलना बाई उरांव के घर दबिश देने पहुँची थीं। रेड के दौरान गांव की महिलाएं इकट्ठा हो गईं और टीम को घेर लिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि सरपंच पति रामजीवन कंवर भी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुँच गया और टीम को धमकाने लगा। तनावपूर्ण माहौल के बीच जयप्रकाश उरांव नामक व्यक्ति ने मारो-मारो के नारे लगाते हुए डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में आबकारी कर्मी नरेश कुमार राठौर के हाथ में गंभीर चोट आई है। उग्र भीड़ ने टीम की स्कार्पियो सीजी 12 बीआर 8820 के सामने का शीशा भी तोड़ दिया। आबकारी उपनिरीक्षक जया मिश्रा की लिखित शिकायत पर पुलिस ने जय प्रकाश उरांव, रामजीवन कंवर के खिलाफ धारा 121, 3(5), 324 (3), 115(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# जेल से छूटे आरोपियों की थाना चौकियों में निकाली गई परेड



थाने में परेड लेते पुलिस के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा असामाजिक एवं अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देशित किए हैं।

इसी कड़ी में जिला पुलिस ने आज तड़के सुबह लगभग 4 बजे से जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत लूट, डकैती एवं अन्य गंभीर अपराधों में पूर्व में संलिप्त तथा सजा प्राप्त कर चुके आदतन अपराधियों को उनके निवास स्थानों से थाना तलब किया गया। इस दौरान थाना परिसरों में ऐसे अपराधियों की विधिवत परेड कराई गई। अभियान के अंतर्गत कुल 102 लूट एवं डकैती के अपराध के आरोपियों को थाना तलब किया गया, जो पूर्व में लूट एवं डकैती के अपराधों में जेल जा चुके हैं। थाना स्तर पर सभी आरोपियों का सत्यापन, रिकॉर्ड परीक्षण एवं काउंसलिंग की गई तथा उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त न होने की सख्त हिदायत दी गई।

इस दौरान सक्रिय आरोपियों के खिलाफ थाना एवं चौकियों द्वारा परिस्थितियों के अनुसार धारा 110, 107, 116(3), 129 बीएनएसएस के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही की गई एवं कई आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की गई इनमें से आदतन आरोपियों के खिलाफ थाना एवं चौकिया में हिस्ट्री सेट खोला जाएगा। ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे एवं अपराधों की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

**खास बात**

- कुल 102 आरोपियों को थाना तलब किया गया

# रैली की शक्ल में पहुंचे कलेक्टोरेट धरना- प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केएसटीपीएस एनटीपीसी के उत्पादन कंपनी के कामगार यूनियन के नेतृत्व में ठेका श्रमिकों की समस्याओं को लेकर पदयात्रा निकाली गई, जो कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गई। प्रदर्शन के बाद कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान सीटू व किसान सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनटीपीसी कामगार यूनियन के अध्यक्ष फागू राम कश्यप ने बताया कि पदयात्र सी जैन मार्ग से शुरू होकर दर्री बाजार, कोहड़िया, सीएसईबी चौक, घंटाघर, कोसाबाड़ी होकर कलेक्ट्रेट तक पहुंची। कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ठेका श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उल्लेख किया गया है कि आईटीआई के कुशल मजदूरों को तत्काल काम में वापस लिया जाए। ठेका बदलने पर ठेका श्रमिकों को नहीं बदला जाए। सभी श्रमिकों का गेटपास, पेस्लीप, हाजरी कार्ड, दिया जाए। ठेकेदार के मुंशियो द्वारा वेतन मिलने के बाद प्रतिदिन का 250 रूपये से 350 रुपए वापस लेना बंद किया जाए। रैली में बालको सीटू यूनियन, परिवहन संघ और किसान सभा ने सहयोग प्रदान किया। सीटू के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड बैनर्जी ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी संपूर्ण देश की विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करता है, इसे महारत्न का दर्जा प्राप्त है। इस संयंत्र में प्रचालन एवं अनुरक्षण,सिविल कार्यों को ठेकेदार के माध्यम से करवाया जाता है। जहां श्रमिकों को केंद्रीय नियूनतम वेतन लागू है, परंतु श्रम कानूनों का खुलेआम उलंघन किया जा रहा है। ठेका श्रमिकों को पैसा भुगतान के बाद ठेकेदार के मुंशी द्वारा पैसे को वापस वसूला जाता है नहीं देने या विरोध करने पर गेट पास बंद कर काम से निकाल दिया जाता है, जिससे मजदूरों में डर और आक्रोश व्याप्त है। प्रशासन और एनटीपीसी प्रबंधन ने ठेका श्रमिकों की समस्या का समाधान नहीं किया तो आगे प्लांट में उग्र आंदोलन होगा। प्रदर्शन और रैली में प्रमुख रूप से गुरुमूर्ति, सुमरित कश्यप, जीडी महंत, फुलबाई, जीराबाई, हेमलाल, अजय सहित बड़ी संख्या में ठेका मजदूर शामिल थे।

**खास बात**

- एनटीपीसी के उत्पादन कंपनी के कामगार यूनियन के नेतृत्व में ठेका श्रमिकों ने खोला मोर्चा



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

### फार्म 7 के दुरुपयोग की जांच करने प्रशासन को ज्ञापन

**कोरबा।** मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को कलेक्टर से मिलकर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत फार्म 7 के दुरुपयोग किए जाने की शिकायत करते हुए इसकी जांच की मांग करते हुए दोषी व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मतदाता सूची 2025 के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद यह जानकारी सामने आयी है कि कतिपय शरारती तत्वों द्वारा कोरबा विधानसभा के मतदाता सूची से फार्म 7 में गलत जानकारी भरकर निर्वाचन कार्यालय कोरबा में यह लिखकर आक्षेप किया गया है कि उनके मोहल्ले और वार्ड में अमुक व्यक्ति स्थान पर नहीं रहता या स्थाई तौर पर स्थानांतरित हो गया है। इस जानकारी की विधिवत जांच पड़ताल किए बिना बूथ स्तर पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का नाम मतदाता सूची 2026 से विलोपित किए जाने की जानकारी मिली है। प्रतिनिधिमंडल ने इस पूरे मामले की जांच की मांग की है।

### गोदाम से लाखों का माल पार, मामला दर्ज

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसेरवा थाना मिरगंज जिला जोनपुर उप्र निवासी जगदीश कुमार गुप्ता उम्र 44 वर्ष पिता बद्रीप्रसाद गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम लबेद में बिजली विभाग का एबी केबल कनवर्जन का काम आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत लिया गया था जो ग्राम लबेद में काम खत्म हुए 10 दिन हो गया है ग्राम लबेद सक्ती मेन रोड में सामान रखने का गोदाम है जो 26 जनवारी की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा गोदाम से लगभग 400 मीटर एल्युमिनियम केबल एवं एल्युमिनियम तार लगभग 400 किलो कीमती 1 लाख 33 हजार रू कुल 2 लाख 13 हजार 400 रू को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गये हैं। मामले में पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कृष्णा नगर के वार्ड क्रमांक 7 में पानी के लिए हाहाकार

# रेल कॉरिडोर निर्माण की भेंट चढ़ी नलजल योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद दीपका के कृष्णानगर वार्ड क्रमांक 7 के निवासी पिछले कई दिनों से बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना यहाँ पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आलम यह है कि रेल कॉरिडोर के काम के दौरान क्षतिग्रस्त हुई पाइप लाइन की मरम्मत के बावजूद वार्डवासियों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

वार्डवासियों ने बताया कि कोयला ढुलाई के लिए बनाए जा रहे रेल कॉरिडोर के विस्तार के दौरान नगर प्रशासन द्वारा बिछाई गई मुख्य पाइपलाइन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। हालांकि रेलवे प्रबंधन द्वारा पाइपलाइन को जोड़ने का कार्य तो किया गया, लेकिन तकनीकी खामी या लापरवाही के चलते तब से घरों में पानी की सप्लाई बाधित हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए वार्ड पार्षद और नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों को कई बार सूचित किया गया है बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। जल संकट के कारण लोगों को दैनिक कार्यों के लिए भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। वार्डवासियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि हर साल गर्मी के मौसम में हमें पानी की किल्लत से जूझना पड़ता है, इस वर्ष गर्मी शुरू होने से पहले ही पाइपलाइन बंद होने से स्थिति बदतर हो गई है। यदि जिम्मेदार अधिकारी और पार्षद अपनी जिम्मेदारी समझते तो आज यह नौबत नहीं आती।



नल से पानी भर्ती महिलाएं।



इस तरह टूटा पाईप लाइन।

**दी आंदोलन की चेतावनी**

कृष्णानगर वार्ड 7 के निवासियों ने नगर प्रशासन और रेलवे प्रबंधन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पानी की सुचारू सप्लाई बहाल नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन और चक्काजाम करने के लिए मजबूर होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन और संबंधित ठेकेदार की होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-

रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
10 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411